

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 95 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 16 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे सांसद एवं विधायक

सिवनी यशो :- केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा मे भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सहभागिता करेगी। शनिवार 16 दिसंबर से पूरे मध्यप्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो रहा है । यह यात्रा शासकीय तौर पर आयोजित हो रही है जिसमें सभी सांसद विधायक एवं पार्टी के समस्त जन प्रतिनिधि एवं जिला एवं मंडल के पदाधिकारी शामिल होंगे। जिले मे यात्रा को सफल बनाने का आव्हान् भाजपा जिला आलोक दुबे ने किया है । जिला भाजपा द्वारा इस कार्यक्रम के लिये बनाये गये जिला प्रभारी जयदीप सिंह चौहान ने बताया कि सिवनी जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेतागण और जनप्रतिनिधि कार्यक्रम शामिल होंगे । यह यात्रा आम जनता के व्यापक हित से जुड़ी यात्रा है इस यात्रा के दौरान अनेक जनकल्याण कारी योजनाओं के




पात्र जिन व्यक्तियों को लाभ नहीं मिल पाया है उन्हें योजनाओं से लाभांवित करने का संकल्प है । अनेक विषयों की जानकारी इस संकन्प यात्रा के दौरान प्रदान की जायेगी । यात्रा 16 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगी । जिले के आठों विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर प्रतिदिन 2 ग्राम पंचायतो में पहुँचेगी तथा जिले की सभी 635 ग्राम पंचायतो में यह यात्रा पहुँचेगी ।

**यहाँ उपस्थित रहेंगे सांसद एवं विधायक**

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने जानकारी देते हुये बताया कि 16 दिसंबर से प्रारंभ हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में 16 दिसंबर को मंडला सिवनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद केवलारी विधानसभा क्षेत्र में यात्रा में शामिल होंगे तथा 17 दिसंबर को लखनादौन विधानसभा क्षेत्र में शामिल रहे । इसी तरह बालाघाट सिवनी सांसद डां. ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेतागण 16 दिसंबर को सिवनी जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत पलारी में तथा 17 दिसंबर को छपारा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत इमलिया में शामिल रहेंगे । विकसित भारत संकल्प यात्रा में बरघाट विधायक कमल मर्सकोले 16 दिसंबर को बरघाट जनपद क्षेत्र में एवं 17 दिसंबर को कुरई जनपद क्षेत्र में यात्रा में शामिल होंगे ।

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को घर-घर पहुंचाएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा***

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि 2014 से पहले देश में चेहरे देखकर योजनाएं बनती थीं और उन योजनाओं में भी जमकर बंदरबांट होती थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते साढ़े नौ वर्षों में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच और योजनाओं से देश में जो वातावरण बनाया है,वह किसी से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर आगे बढ़ रही है। उनकी सरकार की योजनाओं के केंद्र में आम नागरिक, नौजवान, महिलाएं, किसान और गरीब होते हैं। इन्हीं योजनाओं के कारण देश में 13 करोड़ और मध्यप्रदेश में 1.39 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। श्री दुबे ने कहा कि इन योजनाओं के बारे में जनजागरूकता तथा इनका लाभ लोगों को दिलाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों में 16 दिस बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही हैं। ये यात्राएं सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकाय क्षेत्रों में भ्रमण करेंगी तथा यात्राओं में शामिल 'गारंटी रथ' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी घर-घर पहुंचेगी। पार्टी के सांसद, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि इनमें शामिल होंगे और इन यात्राओं के माध्यम से गरीबों और जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, निशुल्क शौचालय, जनधन अकाउंट योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम किसान स मान निधि योजना, पीएम सुनिधि जैसी तमाम लोक कल्याणकारी योजनाओं का ऑन स्पॉट लाभ दिलाने का काम किया जाएगा।

## सरदार पटेल की पुण्यतिथि : कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित किये गये



सिवनी यशोः- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरूष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में सरदार पटेल जी के छायाचित्र के समक्ष जेपीएस तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया एवं विष्णु करोसिया ने माल्यार्पण किया तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डालचंद बर्वे, कैलाश अवधिया, गेंदलाल भलावी, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, सुजीत गोदरे, विनोद नाग, नितिन बघेले, ठा. रंजीत परिहार, शाहिद रानू, प्रेमचंद भलावी, रेवाराम भलावी मंडवा, साहबसिंह भलावी, शैलेन्द्र भलावी, कौशलकुमार डेहरिया की उपस्थिति रही।

## कांग्रेस की प्रदेश अनुशासन समिति में नेहा सिंह सदस्य नियुक्त



सिवनी यशोः- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार उपाध्यक्ष अशोक सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें सिवनी जिले की कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व विधायक श्रीमती नेहा सिंह को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि अनुशासन समिति में अध्यक्ष अशोक सिंह उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी को बनाया गया है, वहीं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पीसी शर्मा, हर्ष यादव, सईद अहमद, पूर्व सांसद गजेन्द्र सिंह राजूखेड़ी, पूर्व विधायक श्रीमती नेहा सिंह एवं प्रताप लोधी को अनुशासन समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है।

# भृत्य राधेश्याम उईके निलंबित

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने NGRS Portal Complaint ID-C3016AEDD656 के स बंध में प्राप्त कार्यालय रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा क्षेत्र-117, लखनादौन, जिला सिवनी के पत्र क्रमांक/08/वि.स. निर्वा शिका./2023 लखनादौन, दिनांक 14.11.2023 में अवगत कराया है कि राधेश्याम उइके, भृत्य, तहसील कार्यालय लखनादौन को पत्र क्रमाक 160/वि.स. निर्वा / 2023 दिनाक 10.11.2023 के माध्यम से रूट चार्ट एवं रूट क्रमांक चस्पा करने संबंधी निर्वाचन डियूटी में सलग्न किया गया, किंतु श्री उइके उक्त ड्यूटी से अनुपस्थित रहें। श्री उइके द्वारा स्वयं की चुनाव डियूटी से मुक्त होने के लिए अनाधिकृत शिकायत की गई है।

भृत्य राधेश्याम उइके तहसील कार्यालय लखनादौन को उपरोक्त स बंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु कार्यालयीन कारण बताओ सूचना पत्र क्रमांक 3248 दिनांक 20 नव बर, 2023 जारी किया गया। श्री उइके को जारी उक्त कारण बताओ सूचना पत्र की तामिली तहसीलदार, लखनादौन के माध्यम से कराई गई। मालजमादार के पत्र दिनांक 21.11.2023 अनुसार, श्री उइके द्वारा उक्त कारण बताओं सूचना पत्र पावती में हस्ताक्षर करने से इंकार किया गया। भृत्य राधेश्याम उइके द्वारा चुनाव डियूटी में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहना, डियूटी आदेश से मुक्त रखे जाने हेतु अनाधिकृत शिकायत किया एवं कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्ति अभिस्वीकृति पर हस्ताक्षर करने में मना करने पर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा कदाचार मानते हुए इन्हें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम (3)-(एक) (दो) (तीन) का उल्लंघन होकर, उक्त कृत्य कदाचरण की श्रेणी का होने से मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम, 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में भृत्य राधेश्याम उइके तहसील कार्यालय लखनादौन, जिला सिवनी का मु यालय जिला निर्वाचन कार्यालय सिवनी नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में राधेश्याम उइके को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज होगा शुभारंभ

## ग्रामवार-वार्डवार प्रचार रथों के द्वारा किया जाएगा कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार

## पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से किया जाएगा लाभांवित

सिवनी यशोः- भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने, नागरिकों को हितग्राहीमूलक योजनाओं में उपलब्ध कराये गये लाभ और विभिन्न सुविधाओं को लोगों के साथ साझा करते हुये उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से 16 दिस बर से 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली %%विकसित भारत संकल्प यात्रा%% स पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित होगी।

यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से शनिवार 16 दिस बर 23 को शाम 4 बजे किया जाएगा। जिलास्तर में भी यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले में जिलास्तरीय कार्यक्रम जिला मु यालय के मठ मंदिर मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के लाईव संबोधन को देखने व सुनने की व्यवस्था की गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए जिले को प्राप्त 9 प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह रथ स पूर्ण जिले में भ्रमण कर आमजनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इस दौरान शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही अपने अनुभवों को साझा करते हुये लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिये भी प्रेरित करेंगे। यात्रा के दौरान योजना अंतर्गत स्वीकृत लाभों से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के साथ ही नये पात्र हितग्राहियों के प्रकरण तैयार कर उन्हें भी लाभान्वित किया जायेगा।

रूटचार्ट अनुसार %%विकसित भारत संकल्प यात्रा%% के प्रचार रथ 17 दिस बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत कोडोपार, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नांदिया कलॉ, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सर्रा एवं धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तुआघोरा, घंसौर विख की ग्राम पंचायत किंदरई एवं धूमामाल, केवलारी की ग्राम पंचायत बाघडोंगरी, कुरई की ग्राम पंचायत ढुटेरा एवं पतरई, लखनादौन की ग्राम पंचायत गौराबीबी एवं पाथरकाठी तथा सिवनी विकासखण्ड की परासिया, गौरखपुर कलॉ, मैली एवं बोरदई पहुचेगी।

**16 दिसंबर से 26 जनवरी तक चलेगी**

यात्रा के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ- विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान स मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना. सरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएस- उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को स मिलित किया गया है। यह प्रचार रथ उल्लेखित योजनाओं का एलईडी वॉल के माध्यम से प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर मैदानी अमला उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने का कार्य भी करेगा। जिलास्तर पर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशन पर सभी तैयारियों पूर्ण हो चकीं हैं।

## खुले में मांस-मछली विक्रय करने वालों पर की जा रही कार्यवाही

सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार जिले में खुले में पशु मांस तथा मछली विक्रय के वालों पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। शुक्रवार 15 दिस बर को जिला मु यालय एवं केवलारी में नगर पालिका एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया। तहसीलदार सिवनी मीना दशेरिया के निर्देशन में नगरीय क्षेत्र सिवनी में खुले में सूकर का मांस खुले में विक्रय करता पाए जाने पर संतोष बेन, जुगल पहलवान तथा खुले में मछली विक्रय करता पाए गए रामलाल कश्यप से मांस एवं मछली को जप्त कर विनिष्टिकरण करने की कार्यवाही की गई तथा अन्य दुकानदारों को भी समझाईश देने के कार्यवाही की जा रही है।

## बिना वैध लायसेंस एवं खुले में मांस मछली विक्रय करने वालों पर होगी कार्यवाही

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रायलय भोपाल द्वारा जारी लायसेंस शर्तो का उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली विक्रय के जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा अनुभागवार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में दल का गठन किया है। उक्त दल में संबंधित विकासखण्ड के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, संबंधित क्षेत्र के मु य नगरपालिका/ परिषद अधिकारी, संबंधित नगरीय क्षेत्र के थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं संबंधित क्षेत्र के पशुचिकित्सा अधिकारी त?था स्थानीय पुलिस प्रशासन दिनांक 31 दिस बर 2023 तक विशेष अभियान चलाकर बिना वैध लायसेंस एवं खुले में मांस मछली विक्रय करने वालों पर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।


दैनिक यशोन्नति की और खबरो के लिये https://dainikyashonnati.com पर जायें


**जबरन नॉलेज**




# प्रधान आरक्षक के हत्यारों को उम्रकैद की सजा

सिवनी यशोः- लगभग दो वर्ष पूर्व चौरई थाना क्षेत्र में पदस्थ प्रधान आरक्षक विजय बघेल को आपसी लेन देन के चक्कर में मौत के घाट उतार दिया गया था और हत्यारों ने विजय बघेल की निर्मम हत्या कर उसकी लाश को जेसीबी से गड्डा खोदकर दफना दिया था तथा अन्य साक्ष्य छुपाये गये थे । पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट के पश्चात काल डिटेल के माध्यम से आरोपियों की धरपकड़ हुई । इस घटना की सुनावाई करते हुये अपर एवं सत्र न्यायालय के माननीय न्यायधीश ने आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है ।

लोक अभियोजन अधिकारी कुलदीप बैस ने जानकारी देते हुये बताया कि दो वर्ष चौरई में पदस्थ प्रधान आरक्षक को मौत के घाट उतारने वाले आरोपियों को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सनुाई है माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चौरई के द्वारा थाना




चौरई के अपराध क्रमाकं 627/2021 एवं सत्र प्रक रण क्रमाकं 24/2021 के आरोपी गण राहलु नेमा, मोनू ठाकुर एवं अतलु चौरसिया को धारा 304 भादवि में दोषसिद्ध करते हुए प्रत्येक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं 5000-5000 रू अर्थ दंड एवं आरोपी राहलु नेमा, मोनू ठाकुर , अतलु चौरसिया, सचिन शर्मा एवं सानू कहार प्रत्येक आरोपी को धारा 201 भादवि में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000- 2000 रू अर्थदंड की सजा सुनाई है । अभियोजन की ओर से गोपाल कृष्ण हलदार डीडीपी एवं समीर पाठक डीपीओ के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी (विशेष लोक अभियोजक) प्रवीण कुमार मर्सकोले एवं कुलदीप सिहं बैस ने मध्यप्रदेश राज्य की ओर से पैरवी की।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कुलदीप सिंह बैस ने बताया कि 23 सितंबर 2021 को प्रार्थी जिले सिंह बघेल ने थाना चांद में मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि उनका छोटा भाई विजय सिंह बघेल जो थाना चांद में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ है दिनांक 21 सितंबर 2021 से लापता है। थाना चांद में गु.इं.क्र. 24/21 कायम किया गया एवं कॉल डिटेल टावर लोकेशन के आधार पर संदेही सिवनी निवासी आरोपी राहुल नेमा से साक्षियों के समक्ष पूछताछ की गई जिसके द्वारा बताया गया कि विजय बघेल से 12 लाख रूपये उधार लिया था, विजय बार-बार पैसे मांग रहा था जिससे छुटकारा पाने के लिए राहुल नेमा और उसके साथी मोनू ठाकुर, अतुल चौरसिया, सचिन शर्मा एवं शानू कहार के साथ विजय की हत्या करने की षडयंत्र पूर्वक योजना बनाये और राहुल नेमा ने चौरई स्थित आफिस में बैठकर विजय बघेल को फोन कर बुलाया जो विजय बघेल वर्दी पहनी हालत में राहुल नेमा के आफिस पहुंचा और राहुल ने ऑफिस के अंदर कुर्सी में विजय को सामने बैठाकर बातों में लगा लिया।

योजना अनुसार हत्या करने की नियत से मोनू ठाकुर ने विजय को पीछे सिर में लोहे की रॉड मारा जिससे विजय गिर गया, फिर राहुल और अतुल ने भी लोहे की रॉड से विजय को सिर में मारा जिससे विजय फर्श में नीचे गिर गया, उसके बाद विजय के हाथ-पैर बांधे और घसीट कर दूसरे कमरे में ले जाकर रख दिए कमरे में खून ही खून हो गया और कमरा बंद कर दिए अंधेरा होने पर विजय की लाश को ले स में लपेटकर कार क्रमांक MP22CA6086 की डिक्की में डाल दिए। बाद में लाश सिवनी में ले जा कर दफन कर दी थी। विजय की हत्या करने संबंधी रिपोर्ट पर मर्ग एवं अपराध क्र. 627/2021 धारा 302,201,120 बी भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

अनुसंधान उपरांत उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपी राहुल पिता संतोष नेमा 33 वर्ष निवासी एकता कालोनी सिवनी थाना कोतवाली, मोनू पिता पेशया ठाकुर 25 वर्ष निवासी बारापत्थर सिवनी थाना कोतवाली , अतुल पिता सतीश चौरसिया 23 वर्ष निवासी झंडा मोहल्ला चौरई थाना चौरई, सचिन पिता यशवंत शर्मा 26 वर्ष निवासी ग्राम गुरैया थाना चौरई, सानू उर्फ दीपक पिता सुमेरी कहार 22 वर्ष निवासी ग्राम गुरैया थाना चौरई के विरूध्द आरोपित अपराध धारा पाये जाने से आरोपीगण के विरूध्द अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपीगण को उपरोक्त सजा से दंडित किया।

## अक्षत कलश पूजन और दर्शन के लिये आवश्यक बैठक आज

सिवनी यशोः- अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण हो चुका है । मंदिर में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्री राम विराजने वाले है । जिसके लिये पूरे सनातन समाज में उत्साह और भगवान श्रीराम के मंदिर में विराजित होने की प्रतिक्षा है । इसी निमित्त जिले में अक्षत कलश आये हुये है जिनके दर्शन और पूजन का क्रम चल रहा है हर वार्ड में अक्षत कलश का पूजन होना है जिसके लिये विस्तृत रूप रेखा तैयार हो रही है । आज शनिवार को इसी विषय को लेकर मठ मंदिर में शाम 7:30 बजे आवश्यक बैठक आयोजित की गयी है । बैठक में समस्त सनातन समाज से उपस्थित की अपील है ।

# अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण से स्थानीय अर्थव्यवस्था को लगेंगे पंख

**प्रहलाद सबनानी-**




अंततः वह घड़ी भी बहुत करीब आ पहुंची है, जिसका इंतजार हिंदू धर्मावलंबी पिछले लगभग 500 वर्षों से कर रहे हैं। 5 अगस्त 2020 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी ने पूजनीय संत मंडल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत के सानिध्य में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी थी। अब दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ही पूज्य संत मंडल एवं परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत की उपस्थिति में अयोध्या में नव निर्मित प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। भारत ही  या बल्कि पूरे विश्व में ही हिंदू धर्मावलंबी अति उत्साहित हैं एवं पूरे भारत में वातावरण राममय होने जा रहा है।

अयोध्या में निर्माणरत श्रीराम मंदिर पूरे विश्व में निवासरत हिंदू धर्मावल बियों के लिए न केवल विशाल आस्था के एक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है बल्कि यह देश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त लाभ होने की स भावना व्यक्त की जा रही है। हाल ही में स पन्न दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर अयोध्या में 22.23 लाख दिए जलाए गए थे, यह अपने आप में एक गिनीज विश्व रिकार्ड के रूप में माना जा रहा है। वर्तमान में 2.5 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में पहुंचते हैं।

प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो जाने के पश्चात पर्यटकों की यह सं या 10 गुना तक बढ़ सकती है अर्थात 25 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में आ सकते हैं। एक पर्यटक यदि अयोध्या में रहते हुए 2000 रुपए का खर्च भी करता है तो 50,000 करोड़ रुपए का व्यापार अकेले अयोध्या में प्रतिवर्ष होने की स भावना व्यक्त की जा रही है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही पूरे वर्ष भर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई प्रकार के भव्य समारोह भी अयोध्या में आयोजित होने लगेंगे, इससे कुल मिलाकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रतिवर्ष एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार केवल अयोध्या में ही होने लगेगा।

अयोध्या में होटल और रिजोर्ट का निर्माण करने हेतु 20 प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को प्राप्त हो चुके हैं, इनमे कई फाइव स्टार होटल भी शामिल हैं। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत ढांचा एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी विकसित किया जा रहा है। अयोध्या रेल्वे स्टेशन को विकसित कर लिया गया है। उक्त वर्णित व्यवस्थाओं के विकसित होने के पश्चात अयोध्या में बढ़ने वाले धार्मिक पर्यटन से लाखों की सं या में नए रोजगार के अवसर निर्मित होने जा रहे हैं।

प्रतिवर्ष लगभग 25 करोड़ पर्यटकों के अयोध्या पहुंचने से स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे व्यवसायियों को भी अपार आर्थिक लाभ होगा। धर्मशाला, होटल, यातायात व्यवस्था, खाद्य सामग्री, फल, फूल आदि अन्य कई प्रकार के पदार्थों की मांग बढ़ेगी, जिसकी आपूर्ति बनाए रखने के लिए कई प्रकार के छोटे छोटे उद्योग धंधे भी अयोध्या के आस पास के गावों में विकसित होंगे।

फल, सब्जी, फूल आदि पदार्थों की पैदावार भी ग्रामीण इलाकों में होने लगेगी जिससे इस क्षेत्र के किसानों को भी भरपूर लाभ होने लगेगा। अपने आप में अयोध्या आस्था के केंद्र के साथ साथ एक वाणिज्यिक केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि प्रभु श्रीराम तो अपने मंदिर में बिराजेंगे ही, साथ ही इस क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिकों को भी आर्थिक रूप से अत्यधिक लाभ होने जा रहा है। अयोध्या में पूरे विश्व से पर्यटकों के आने से उत्तरप्रदेश की अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख ही लग जाएंगे।

भारत में अयोध्या की तर्ज पर ही अन्य धार्मिक स्थल भी विकसित किए गए हैं। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कोरिडोर विकसित किया जा चुका है। गुजरात में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। पावागढ़ गुजरात में ही मां कालका मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम प्रोजे ट पर भी कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उज्जैन में महाकाल कोरिडोर का निर्माण हुआ है। असम में माता कामा या कोरिडोर बन रहा है। पूरे भारत में ही धार्मिक स्थलों को विकसित कर देश में धार्मिक एवं क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

भारत के पर्यटन मंत्रालय के एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2021-22 में भारत में पर्यटन गतिविधियों से 1.34 लाख करोड़ रुपए की आय हुई है, जबकि वर्ष 2020-21 में धार्मिक पर्यटन से 65,000 करोड़ रुपए की आय हुई थी। इस प्रकार भारत में विकसित किए विभिन्न धार्मिक स्थलों के कारण पर्यटन की गतिविधियों से आय मात्र एक वर्ष के अंतराल में ही दोगुनी से भी अधिक हो गई है।

सेंटर फोर सोशल इ पै ट एंड फिलान्थ्रोपी के अनुसार, वर्ष 2021-22 के दौरान भारत में विभिन्न मंदिरों को मिलने वाला घरेलू दान 14 प्रतिशत बढ़कर 27,000 करोड़ रुपए का हो गया है। जबकि, वर्ष 2020-21 में 23,700 करोड़ रुपए का दान विभिन्न मंदिरों को प्राप्त हुआ था। विशेष रूप से वाराणसी में काशी विश्वनाथ कोरिडोर के विकसित किए जाने के बाद से काशी विश्वनाथ मंदिर को मिलने वाला दान 500 प्रतिशत बढ़ गया है।

वर्ष 2021-22 में काशी विश्वनाथ मंदिर को 100 करोड़ रुपए का दान प्राप्त हुआ था। साथ ही, इस दौरान वाराणसी में धार्मिक पर्यटन भी 1000 प्रतिशत बढ़ गया है। इसी प्रकार, उज्जैन में महाकाल कोरिडोर के विकसित होने के पश्चात बाबा महाकाल मंदिर में धार्मिक पर्यटन 1800 प्रतिशत बढ़ा है। इन धार्मिक स्थलों पर पर्यटन बढ़ने से चूंकि व्यापार बढ़ रहा है अतः इन क्षेत्रों में रोजगार के हजारों नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। अब तो वृंदावन में भी बांके बिहारी कोरिडोर विकसित किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं का बांके बिहारी मंदिर में पहुंचना आसान हो सके।

विशेष रूप से प्रभु श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में केवल एक भव्य मंदिर बनाने की परिकल्पना नहीं की गई है बल्कि भव्य मंदिर के साथ साथ विशाल पुस्तकालय, संग्रहालय, अनुसंधान केंद्र, वेदपाठशाला, यज्ञशाला, सत्संग भवन, धर्मशाला, प्रदर्शनी, आदि को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम के काल पर अनुसंधान करने में आसानी हो।

प्रभु श्रीराम के मंदिर को राष्ट्र मंदिर भी कहा जा रहा है ` योंकि यहां आने वाले हर व्यक्ति को यह मंदिर भारतीय सनातन संस्कृति की पहचान कराएगा। पूरे विश्व में यह मंदिर हिन्दू सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों के लिए आस्था का केंद्र बनने जा रहा है अतः यहां पूरे विश्व से सैलानियों का लगातार आना बना रहेगा। यह मंदिर पूरे विश्व में हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र बनने के साथ साथ पर्यटन के एक विशेष केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है, इसलिए प्रभु श्रीराम की कृपा से करोड़ों व्यक्तियों की मनोकामनाओं की पूर्ति के साथ साथ लाखों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

# वन्यप्राणी बाघ एवं दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की अंतर्राज्यीय तस्करी में संलिप्त गिरोह के सदस्य गिर तार

भोपाल। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स भोपाल म.प्र. एवं अधिनस्थ क्षेत्रीय इकाई जबलपुर एवं नर्मदापुरम के द्वारा अलग अलग स्थानों पर कार्यवाही की गई। जिसमें डिन्डोरी एवं अयोध्या उ.प्र. से 02 आरोपियों को गिर तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 237/08 दिनांक 02.06.2023 वन्यप्राणी बाघ का शिकार एवं उसके अवयवों की तस्करी का पर्दाफाश करते हुये टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर के द्वारा 04 आरोपियों को गिर तार किया गया एवं एक अन्य आरोपी विगत 6 माह से फरार था जिसे डिन्डोरी म.प्र. से गिर तार किया हैं। अन्य प्रकरण क्रमांक 237/11 दिनांक 30.09.2023 दुर्लभ प्रजाति के कछुये (इंडियन टेन्ट टर्टल्स) की ट्रेन से तस्करी वाले प्रकरण में 03 आरोपियों को गिर तार किया गया था। इसी कड़ी में विगत 03 माह से फरार अन्य आरोपी को अयोध्या उ.प्र. से गिर तार कर माननीय न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष पेश किया गया। वन्यप्राणी बाघ के शिकार एवं उसके अवयवों की अंतराज्यीय तस्करी के प्रकरण क्रमांक 237/10 दिनांक 18.08.2023 में संगठित बावरिया गिरोह के 1 अन्य आरोपी को केन्द्रीय जेल चन्द्रपुर महाराष्ट्र से प्रोडे शन वारंट पर माननीय न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष पेश किये जाने उपरांत रिमांड पर लिया जाकर बाघ के शिकार एवं उससे अवयवों में लिप्त गिरोह के अन्य सदस्यों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई एवं आरोपी को तमिलनाडु राज्य में बाघ के शिकार वाले स्थान पर ले जाकर आवश्यक कार्यवाही की गई। प्रकरण में पूर्व में कु यात अंतर्राष्ट्रीय तस्कर कल्ला बावरिया को गिर तार किया था। जिसके विरूद्ध भारत एवं नेपाल राष्ट्र में बाघ के शिकार एवं उसके अवयवों की तस्करी के कई प्रकरण दर्ज है।

समस्त आरोपियों पर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 यथा संशोधित 2022 की विभिन्न सुसंगत धाराओं में 03 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। प्रकरण में गिरोह के अन्य आरोपियों के संलिप्त होने के साक्ष्य प्राप्त हुए है तथा प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी है।

# भाजपा नेता का हाथ काटने वाले फारुख के घर पर चला बुलडोजर



भोपाल। मध्यप्रदेश के नवनियुक्त सीएम डॉ टर मोहन यादव के तेवर अपराधियों के लिए स त नजर आ रहे हैं। उनके सरकार में आते ही एक दिन के भीतर गुरुवार को बुलडोजर की पहली कार्रवाई की गई। जी हां चुनावी रंजिश के चलते भाजपा नेता का हाथ काटने वाले फारुख राइन के घर प्रशासन का बुलडोजर चला गया। अपराध पर लगाम लगाने के उद्देश से सीएम के निर्देश पर भोपाल जिला प्रशासन की ओर से यह एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रशासन ने 11नंबर स्थित जनता कॉलोनी में आरोपी फारुख राइन उर्फ मिन्नी के घर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को पूरी तरह से धराशाई कर दिया।

**यह था मामला**

आरोपी फारूक राइन पर बीजेपी कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह ठाकुर का हाथ काटने का आरोप है। बुलडोजर की कार्रवाई के लिए कोलार एसडीएम आशुतोष गोस्वामी के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला दिन में आरोपी के घर पहुंच गया था इसके बाद घर तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल और थाना प्रभारी स्टाफ के साथ मौजूद रहा। इसके पहले आरोपी फारुख पर भोपाल कले टर ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून ह्र की कार्यवाही भी की थी। इस मामले में फारुख के अलावा चार अन्य आरोपियों को भी गिर तार किया गया है।

**मिलने पहुंचे थे बड़े नेता**

बता दें, यह घटना पांच दिसंबर की है। 3 दिसंबर को मतदान होने के बाद चुनावी रंजिश के चलते भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह ठाकुर पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के समर्थक फारुख और उसके साथियों ने हमला कर दिया था। उन्होंने ठाकुर के साथ मारपीट की और तलवार से उसकी हथेली काट दी। इसके बाद देवेंद्र को अस्पताल में एडमिट करवाया गया था। जहां बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता उससे मिलने पहुंचे थे

## दो थानों में उलझा था मामला, 11 महीने के बाद हुआ शराब चोरी का प्रकरण दर्ज

भोपाल। दो थानों की सीमा के बीच एक चोरी की वारदात में पुलिस को प्रकरण दर्ज करने में लगभग 11 महीने का समय लग गया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद 13 दिसंबर को इस मामले में प्रकरण दर्ज किया है। 20 जनवरी 2023 को भोपाल से लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 04 जीबी 0487 से शासकीय शराब जावरा के लिए रवाना की गई थी। रास्ते मे अज्ञात बदमाशों ने लोडिंग की तिरपाल काटकर 2 लाख रुपये कीमत की शराब चोरी कर ली थी। चालक अमित शर्मा को देवास रोड पर वारदात का पता चला था। उसने नरवर थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मामला अपने थाना क्षेत्र का नहीं होना बताया था। चालक की शिकायत महाकाल थाने भी पहुंची थी, लेकिन वहां भी शिकायत दर्ज नहीं की गई थी।

# मामा का दिखा अलग अंदाज, पूर्व सीएम खेत में ट्रै टर से जुताई कर चने की बुआई करते आए नजर



भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नए सीएम की शपथ के एक दिन बाद अलग अंदाज में दिखे। शिवराज सिंह चौहान विदिशा स्थित अपने खेत पहुंचे और ट्रै टर लाकर चने की बुआई करते नजर आए।

मध्य प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधायक दल की बैठक में डॉ. मोहन यादव के नाम का एलान होने के बाद राजभवन जाकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद भी शिवराज सिंह चौहान लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अब शिवराज एक नए अंदाज में दिखाई दिए है। शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को विदिशा पहुंचे। यहां पर शिवराज सिंह ने अपने खेत में ट्रै टर से जुताई कर चने की बुआई की।

**शिवराज सिंह चौहान का ट्रै टर चलाने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है**

शिवराज सिंह चौहान ने अपने सोशल मीडिया पर अपने खेत में ट्रै टर चलाने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि अपने मध्य प्रदेश की माटी सोना उगलती है... धरती मां धन-धान्य से घरों को खुशहाल बना देती है। पसीने की कुछ बूंदों से माटी को नमन किया। आज खेतों की जुताई कर चने की बुआई की। बता दें इससे पहले शिवराज सिंह चौहान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ऐ स पर भाई और मामा के साथ पूर्व म यमंत्री लिख दिया।

# आज भी सहेज कर रखी है हाथों से लिखी वाल्मिकी रामायण

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में मौजूद है 300 साल पुरानी रामायण...।

भोपाल।बरकतउल्ला इकलौता विश्वविद्यालय है, जहां वाल्मीकि रामायण की हस्तलिखित प्रति मौजूद है। 300 साल पुरानी रामायण अब नाजुक अवस्था में है। इसे संरक्षित करने को पुरातत्व विभाग से संपर्क किया गया है। विशेषज्ञों की सलाह के बाद अब जापानी टिश्यू पेपर से संरक्षित करने की तैयारी की जा रही है। यह प्रयोग सफल होता है तो 500 साल के लिए इसे संरक्षित किया जा सकेगी। इसका डिजिटलाइजेशन भी करने की योजना है। फिलहाल इसे एक विशेष कपड़े में लपेटकर लाइब्रेरी के अलग कक्ष में रखा है। डॉ. उदेश्वर शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ईशनारायण जोशी ने इसे विश्वविद्यालय को भेंट किया था।

**पुरातत्व विभाग से किया संपर्क**

करीब 300 साल पुरानी इस रामायण को संरक्षित करने के लिए पुरातत्व विभाग दिल्ली एवं लखनऊ से संपर्क किया गया है। उन्होंने रामायण को नहीं छूने की सलाह दी है, ताकि कागज को किसी तरह का नुकसान न हो। टीम जल्द ही निरीक्षण कर इसे सुरक्षित करने की प्रक्रिया शुरू करेगी।

**तो हो सकता है नुकसान**

रामायण को वाल्मीकि ने लिखा था। इसके बाद उनके शिष्यों से इसकी कई हस्तलिखित प्रतियां तैयार कीं। इन्हीं में से एक प्रति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में मौजूद है। अगर इसे हॉट लैमिनेटिंग मशीन से लैमिनेट किया जाए तो ये अमूल्य धरोहर हमेशा के लिए खराब हो सकती है। लैमिनेशन को अच्छी तरह से संभाला न जाए तो मशीन की हीट कागज को जला भी सकती है। इसलिए नई तकनीक पर विचार किया गया है।

# महत्वाकांक्षी बरगी व्यपवर्तन परियोजना क्षेत्र में लाएगी समृद्धि - उप मु यमंत्री शु ल

## सतना, रीवा, कटनी एवं जबलपुर में 2 लाख 45 हज़ार हे टेयर से अधिक क्षेत्र में होगी सिंचाई की सुविधा

**बरगी व्यपवर्तन परियोजना और रीवा ज़िले की सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की उप मु यमंत्री ने समीक्षा की**



भोपाल । उप मु यमंत्री श्री राजेंद्र शु ल ने वल्लभ भवन मंत्रालय में बरगी व्यपवर्तन परियोजना एवं रीवा ज़िले में जल संसाधन विभाग की माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की एवं प्रगति में तेज़ी लाने के लिये निर्देश दिये। उप मु यमंत्री ने कहा कि सिंचाई परियोजना क्षेत्र में विकास एवं समृद्धि के नये आयामों का सृजन करेंगी। बैठक में अपर मु य सचिव एनवीडीए श्री एस. एन. मिश्रा, प्रभारी प्रमुख सचिव जल संसाधन विभाग श्री राघवेंद्र सिंह सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

उप मु यमंत्री श्री शु ल ने बरगी परियोजना के कार्य में आ रही कठिनाइयों की जानकारी प्राप्त कर निराकरण करने के लिये आवश्यक निर्देश दिये। तकनीकी असुविधाओं के लिये सतत प्रयास और नियमित निगरानी के निर्देश दिये। उप मु यमंत्री ने गुणवत्तापूर्ण तरीक़े से कार्य पूर्ण करने के साथ किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत अवगत कराने के निर्देश दिये जिससे उनका शीघ्र निराकरण कर शीघ्र कार्य पूर्ण किया जा सके। विभागीय अधिकारियों से शेष कार्य के संबंध में कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की। परियोजना की गति में तेज़ी लाने के लिए प्रक्रियात्मक जटिलता संबंधी समस्या पर संज्ञान लेते हुए उप मु यमंत्री ने उपयुक्त शासकीय सहयोग की व्यवस्था के लिये विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये।

जल संसाधन विभाग की बहुती सिंचाई परियोजना, नई गढ़ी-1 एवं 2 माइक्रो सिंचाई परियोजना के साथ अन्य प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की उप मु यमंत्री ने समीक्षा की। सिंचाई जल प्रदाय के लिए विद्युत व्यवस्था के लिये आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा।

**बरगी परियोजना की वर्तमान स्थिति**

परियोजना की 197 कि.मी. लंबी मु य नहर का निर्माण कार्य (स्लीमनाबाद टनल को छोड़कर) लगभग 96 प्रतिशत् पूर्ण हो चुका है। परियोजना से जबलपुर जिले की लगभग 50 हजार हे टेयर रकबे में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है एवं जबलपुर, सिहोरा को नहर के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। स्लीमनाबाद टनल के पश्चात् लगभग 1 लाख 85 हजार हे टेयर कमाण्ड के लिये नहर प्रणाली का निर्माण परियोजना में सम्मिलित है। सतना जिले के कुल 10 हजार हे टेयर कमाण्ड क्षेत्र में नहर प्रणाली विकसित हो चुकी है। शेष कमाण्ड क्षेत्र में नहर प्रणाली निर्मित करने के लिये विभिन्न 08 ग्रुपों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। बरगी व्यपवर्तन योजनांतर्गत 11.95 किमी लंबी स्लीमनाबाद टनल कार्य में से 10.25 किमी टनल निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बरगी परियोजना पूर्ण होने पर सतना में 1 लाख 59 हज़ार 655 हे., कटनी में 21 हज़ार 823 हे., जबलपुर में 60 हज़ार हे. और रीवा में 3 हज़ार 532 हे. क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा होगी। परियोजना से कोठी, मझगवाँ, नागौद, रैगांव, अमरपाटन, रामपुर बघेलान, बेला, मुकुंदपुर, मैहर, उँचहरा आदि क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा होगी। इसके अलावा मंदाकिनी नदी से लगभग 1450 ग्रामों में जल सुविधा भी लक्षित है।

# बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक रोकने की कवायद, मोबाइल फोन पर प्रतिबंध, एप से होगी निगरानी

भोपाल । मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं की परीक्षा के प्रश्नपत्र पुलिस थानों में ही रखे जाएंगे। प्रश्नपत्र थाने से परीक्षा केंद्रों तक लाने में अहम भूमिका कले टर प्रतिनिधि की भी रहती है। इस बार कले टर प्रतिनिधि की मोबाइल एप से हाजिरी लगेगी। इसके साथ ही मोबाइल के पूर्णतः प्रतिबंध का स ती से पालन कराया जाएगा। यह निर्णय बोर्ड परीक्षा में प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए माशिमं की ओर से लिया गया है।

**पिछले साल लीक हुए थे प्रश्नपत्र**

बता दें कि वर्ष 2022-23 में आयोजित 10वीं व 12वीं की परीक्षा में 16 प्रश्नपत्र इंटरनेट मीडिया पर खूब बहुप्रसारित हुए थे। इसे देखते हुए मंडल ने इस बार बदलाव किया है। मंडल की पूर्व में आयोजित कार्यपालिका समिति की बैठक में पुलिस थाने से परीक्षा केंद्र तक प्रश्नपत्र भेजने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रश्न-पत्रों का वितरण समन्वयक संस्था से थानों व परीक्षा केंद्रों तक किए जाने की व्यवस्था पहले की तरह ही रहेगी। इसके अलावा थानों से केंद्राध्यक्ष व कले टर प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से प्रश्नपत्रों को निकाले जाने का प्रविधान है, लेकिन कले टर प्रतिनिधि थानों में नहीं पहुंचते थे। इसे देखते हुए मंडल द्वारा इस बार कले टर प्रतिनिधि के लिए मोबाइल एप से हाजिरी अनिवार्य की जा रही है। अब कले टर प्रतिनिधि नहीं पहुंचेंगे तो उनके खिलाफ कले टर के माध्यम से स त कार्रवाई का प्रविधान किया जाएगा।

## श्रीमद् भागवत महापुराण कथाअमृत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन

छपारा यशोः- प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा अमृत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन



संजय कॉलोनी छपारा में स्थित शिव शनी मंदिर में आज से शुरू हुआ है जिसमें प्रथम दिवस शनि मंदिर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बैनगंगा नदी का पावन जल लेकर वापस शनि मंदिर पहुंचकर पूजन पाठ कर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया

श्रीमद् भागवत महापुराण अमृत ज्ञान कथा का आयोजन दिनांक 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक किया गया है। इस कथा प्रवचन का समय प्रतिदिन दोपहर 2ः00 से सायं काल तक होगा। कथा विश्राम 19 को, पूर्णाहुति/भंडारा 20 दिसंबर को होगा। इस पावन यज्ञ के कथा व्यास परम श्रद्धेय पंडित श्री विजय कुमार जी मिश्र ( सिद्ध पीठ बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर) होंगे। श्री सार्वजनिक शिव शनी मंदिर समिति की ओर से समस्त सनातनी धर्म प्रेमी नगर वासियों एवं क्षेत्र वासियों से निवेदन किया गया है कि इस महापुराण में पधारकर अमृतमयी भागवत भागीरथी में डुबकी लगाकर देव दुर्लभ मानव जीवन को कृतार्थ करें।

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित हुई दिव्यांगजनों की खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता

सिवनी यशोः- श्री क्षितिज सिंघल कले टर सिवनी के मार्गदर्शन में ÷विश्व दिव्यांग दिवस÷ के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी, जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगजनों (अस्थिबाधित, श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित, मानसिकबाधित) की खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 दिस बर 2023 को मिशन स्कूल ग्राऊंड सिवनी में किया गया था।




उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी वीरेश सिंह बघेल ने बताया कि दिव्यांगजनों के खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ अपर कले टर सिवनी श्री सी.एल.चनाप द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। अपर कले टर सिवनी ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात् अस्थिबाधित दिव्यांगजनों की 50 मीटर ट्रायसायकल दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता प्रारंभ की गई तत्पश्चात् बैशाखी दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रवणबाधित दिव्यांगजनों की 50 मीटर दौड़, गोला फेंक, रंगोली, डान्स अथवा फैन्सीड्रेस, मानसिकबाधित दिव्यांगजनों की बॉल दा बकेट, कुर्सी दौड़ या बोंची गेम (सिवियर स्तर के बच्चो की अलग से होगी), दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों की 50 मीटर ब्लाइंड स्टिक दौड़, मटकी फोड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन, वादन, सांस्कृतिक कार्यक्रम (ग्रुप डान्स/एकल डान्स) में भी दिव्यांगजनों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बालक/बालिका एवं तीन वर्षवार गुप में किया गया-सबजूनियर (14 वर्ष से कम), जूनियर (14 से 18 वर्ष), एवं सीनियर (18 वर्ष से अधिक) में स पन्न किया गया। समस्त विकासखंडों से 453 दिव्यांगजनों खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन में कले टर सिवनी श्री क्षितिज सिंघल उपस्थित रहे, जिसने करकमलो से खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। जिन दिव्यांगजनों ने अपना स्थान नहीं बना पाये उन दिव्यांगजनों को भी सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये जिससे उनके चहेरे खिल उठे।

श्री क्षितिज सिंघल, कले टर सिवनी द्वारा अपने सारभगित उद्बोधन में दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और दूरदराज से आये दिव्यांग बच्चो एवं उनके अभिभावकों की प्रशंसा करते हुए उन्हे अभिवादन ज्ञापित किया गया।

खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी, जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी, जनजाति कार्य विभाग, जिला युवा खेल एवं कल्याण विभाग के खेल प्रशिक्षक, जिला शिक्षा केन्द्र के मोबाईल स्त्रोत सलाहकार, श्री पुनीत जैन, श्रीमंत सेठ गोपाल साव पूरन साव, दिग बर जैन परमार्थिक ट्रस्ट सिवनी, अशासकीय संस्था से आशादीप विकलांग विकास एवं कल्याण संगठन, सेन्ट फॉसिस दिलखुश मंदबुद्धि विशेष स्कूल सिवनी, दिव्य दिव्यांग समिति सिवनी, श्री निरंजन बैस, अध्यक्ष, आशाकिरण संस्था डूण्डासिवनी, समाज सेवी श्री छिद्दीलाल श्रीवास, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी के अधिकारियों/कर्मचारियों की सहभागिता रही।

## स्वास्थ्य सेवाओं के परिचालन की तत्पारता सुनिश्चित किये जाने हेतु मॉकड्रिल का आयोजन

**मॉकड्रिल से जिला अस्प ताल में परखी तैयारियां, उपकरणों को चालू करके देखा गया''**



सिवनी यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि विश्व् स्वास्थ्य संगठन ने मई 2023 में कोविड-19 महामारी को आपातकालीन अंतर्राष्ट्री य लोक स्वास्थ्य चिंता की स्थिति से वापस ले लिया है, किंतु भविष्य2 में किसी भी लोक स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी बनाए रखने एवं स्वास्थ्य सुविधा के बुनियादी ढांचे और स्वामस्त्क देखभाल प्रणाली की निगरानी और मॉनिटरिंग किए जाने हेतु राज्यि शासन के निर्देशानुसार एवं कले टगर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 15 दिस बर 2023 को जिला चिकित्सालय सिवनी एवं विकासखण्ड स्तेरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में अखिल भारतीय ड्रिल का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे कोविड पॉजिटिव मरीज ए बुलेंस से जैसे ही जिला अस्पताल मे प्रवेश किया, ए बुतलेंस के रूकते ही डॉ टयर और ट्रेंड स्टॉफ की टीम पहुंच गई। मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ऑ सीजन लेबल और टे प्रेचर की जांच की गई। मरीज के हालात को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया। यहां तत्काल ऑ सीजन दी गई। दरअसल जिले में कोई कोविड पॉजिटिव नही आया है यह नजारा स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने हेतु की जा रही तैयारियों के लिए मॉकड्रिल था, जिसमें जिला चिकित्सॉलय की तैयारियों को परखा गया है।

ड्रिल के दौरान बिस्तर की क्षमता, आइसोलेशन बेड, ऑ सीजन समर्थित आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर समर्थित बेड की सं या , उपलब्ध मानव संसाधन यथा डॉ टर्स नर्स, पैरामेडिकल, आयुष डॉ टर, आशा सहित अन्य फ्रंटलाईन कार्यकर्ता, वेंटिलेटर प्रबंधन प्रोटोकॉल, मेडिकल ऑ सीजन के तर्कसंगत उपयोग, एएलएस/बीएलएस ए बुलेंस की उपलब्धता, कोविड परीक्षण प्रयोगशालाओं की सं या् और क्षमताएं, किट की उपलब्ध्ता, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, ऑ सीजन कंसन्ट्रेटर, सिलेंडर, टेलीमेडिसन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

मॉकड्रिल के दौरान सिविल सर्जन डॉ. व्ही.के.नावकर, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. वंदना कमलेश, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी शांति डहरवाल, आईडीएसपी डाटा मैनेजर शिखा मेश्राम, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक संजय मानेश्वर, अस्पताल प्रबंधक महेन्द्र डहेरिया, एएनएम कुसुम चंद्रवंशी, नर्सिंग ऑफिसर साधना बघेल, मीनाक्षी चन्द्रवंशी तथा जिला चिकित्सालय का अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

## आदिमजाति सेवा सहकारी समिति झिंझरई का बिजली बिल बाकी वसूली हेतु नोटिस

सिवनी यशोः- घंसौर विकास खंड के ग्राम झिंझरई में सोसायटी के द्वारा 22 ग्रामों के सेंटर ग्राम झिंझरई में मध्यप्रदेश के सहकारिता मु य सचिव सुभाष जैन के आदेश निर्देश पर आदिमजाति सेवा सहकारी समिति झिंझरई में 2 मई 2011 को वित्तनिगम माध्यप्रदेश शासन भोपाल के अध्यक्ष राजमंत्री दर्जाप्राप्त डो टर शिवराज शाह ने उक्त आदिमजाति सहकारिता समिति का फीता कटकर शुभारंभ किया था जिससे किसानों को प्रतिवर्ष पुराने प्राथमिक शाला,महावीर ग्राउंड,गौठन,और सरकारी गोदाम खसरा नंबर 156 से किसानों को खाद,बीज,उर्वरक मिलता है वही अपनी धान गेहूं यहा बेचते है परंतु संचालक की उदासीनता से बिजली बिल नही पटा है जिसका नोटिस केदारपुर के जे ई बिजली विभाग वसूली का जारी किया हे विद्युत अधियम 2003 की धारा56 विद्युत सांहिता की धारा 10(18) के निहित प्रावधान के तहत बिजली बिल बाकी 4543/ चार हजार पाँच सौ त्रितालिस रुपए की वसूली सेल्समैन से की जाएगी इस बाकी राशि से सेंटर की बदनामी हो रही हे जबकि किराया,कमीशन बहुत मिलता है किसानों में भरी नाराजगी और उक्त सेल्समैन को तत्काल इस सेंटर से हटाये जाने की मांग की है

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की मु यमंत्री डॉ यादव ने की समीक्षा

सिवनी यशोः- मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा%% के संबंध में समस्त जनप्रतिनिधियों एवं समस्त कले टर्स को आज मंत्रालय से वी.सी. के माध्यम से संबोधित किया। मु यमंत्री जी ने यात्रा की तैयारियों, स्वरुप और गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम 16 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पूरे उत्साह के साथ यात्रा 26 जनवरी 2024 तक प्रत्येक जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे तथा भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करे। उन्होंने जिलेवार वीडियो कॉन्फेंसिंग में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर यात्रा के बेहतर क्रियांवयन में अपनी सक्रीय भूमिका निभाने की बात कही। उक्त वीसी में विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मालती डहेरिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्री शफीक खान, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे सहित अन्य निकायों के अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि, कले टर श्री क्षितिज सिंघल तथा संबंधित विभागाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## आरोपी विक्रम को 20 वर्ष की सजा

सिवनी यशोः- 14 अगस्त 2021 को नाबालिग पिडीता उम्र 16 वर्ष की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता ने थाना लखनवाड़ा में दर्ज करवाई थी, दिनांक 17.08.21 को पिड़िता को ग्राम खमरिया थाना चौरई से दस्तयाब किया गया। पिड़िता ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 13.8.21 को जब वह स्कूल गयी थी, तो उसके पहचान का आरोपी विक्रम पिता सुरेश सतनामी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम चावड़ी मिला और उसे मोटर सायकल में बैठा कर उसकी बहन शबनम सतनामी उर्फ चंचल सतनामी पति सीताराम चौधरी,निवासी केदारपूर खूर्द थाना चौरई के घर लेकर गया एवं वहा उसके साथ जबरदस्ती बार-बार शारीरिक संबंध बनाया और उसे ले जाकर उसके मामा मुकेश पंचेश्वर के घर के सामने छोड़कर चला गया।

पिड़िता के बयान के आधार पर आरोपी विक्रम एवं उसकी बहन शबनम- के विरुद्ध अपराध क्रमांक 272/2021 धारा 363 366ए, 376, 376 (2) (एन), 120 बी भा.द. वि एवं धारा 5द्य. 6, 17 पो सो ऐ ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय पो सो में प्रस्तुत किया गया था।

शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी सिवनी, के द्वारा गवाह एवं सबूत माननीय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किये, तथा अंतिम तर्क के समय विशेष लोक अभियोजक ने कोर्ट में बताया कि पीड़िता एक 16 वर्ष की नाबालिग बच्ची है जिसकी सोचने समझने की छमता विकसित नहीं हुई है।

आरोपी के कृत्य से उसके कोमल मन मस्तिष्क में बुरा प्रभाव पड़ा है, अभियोजन के तर्क से सहमत होते हुए माननीय (पो सो) विशेष न्यायाधीश ने आरोपी विक्रम सतनामी को धारा 366(ड्ड) भादवि0 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड, धारा 5(द्य)/6 पो सो ऐ ट में 20 वर्ष का साश्रम कारावास एवं 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया तथा आरोपी शबनम को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया है।

प्रतिकर अधिनियम 2015 के अन्तर्गत प्रतिकर की राशि पीड़िता को एक लाख रुपए दिलाये जाने के आदेश पारित किये गये।

## 10वीं स्कूल स्टेट एज्युकेशन डिपार्टमेन्ट स्पोर्ट्स संभागीय प्रतियोगिता आयोजित

सिवनी यशोः- स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत 10वीं स्कूल स्टेट एज्युकेशन डिपार्टमेन्ट स्पोर्ट्स संभागीय प्रतियोगिता 2023 का आयोजन दिनांक 11.12.2023 से 21.12.2023 तक आयोजित है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस.कुमरे के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी स मिलित होगें। इसी तारत य में दिनांक 11.12.2023 को बैडमिंटन प्रतियोगिता छिन्दवाड़ा जिले में आयोजित हुई। जिसमें महिला वर्ग से सुश्री भावना गायकवाड़ पीटीआई म.ल.बा.कन्या शास.उ.मा. वि. सिवनी, श्रीमती राबिया शेण्डे मा. शि. शास. उ. मा. वि.सेरखा, श्रीमती प्रीति ठाकुर मा.शि. शास. क.उ. मा.वि.



केवलारी एवं पुरूष वर्ग से श्री ओमप्रकाश अग्रवाल मा.शि. शास.उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, श्री राम ठाकुर उ.मा.शि. शास.उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं दिनांक 12.12.2023 कबड्डी तथा बालीवॉल प्रतियोगिता जबलपुर जिले में आयोजित हुई। जिसमें महिला वर्ग में जिले से श्रीमती जस्सी थॉमस जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी, श्रीमती वॉबी बघेल उमाशि शास.सी.एम.राईज केवलारी, श्रीमती विनीता बघेल उ.मा.शि. शास.सी.एम.राईज केवलारी, श्रीमती सुनीता बोपचे प्राथ.शिक्षक शास.महात्मा गांधी हाईस्कूल सिवनी, श्रीमती मीनाक्षी मेश्राम पीटीआई शास.उ.मा.वि.बोरीकलां, श्रीमती सीमा चौरसिया प्राथ.शिक्षक शास.उ.मा.वि.कातलबोड़ी एवं श्रीमती ममता उइके मा.शि. शास.उ.मा.वि.विजयपानी ने प्रतियोगिता में स मिलित होकर जिले का नाम गौरान्वित किया। दिनांक 18.12.2023 को क्रिकेट प्रतियोगिता पुरूष वर्ग नरसिंहपुर जिले में आयोजित है। साथ ही सिवनी में दिनांक 21.12.2023 को पुलिस स्टेडियम सिवनी में संभाग स्तरीय एथलेटि स, टेबिल टेनिस महिला/ पुरूष वर्ग एवं कबड्डी, बालीवॉल पुरूष वर्ग प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें जबलपुर संभाग के सभी जिलों के षिक्षा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी स मिलित होकर अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेगें।

# "विकसित भारत संकल्प यात्रा" प्रदेश में आज से आरंभ होगी - मु यमंत्री डॉ. यादव

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जनहित और जनकल्याण की मंशा के क्रियान्वयन को पूरा करेगी यह यात्रा**

**यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो**

**मु यमंत्री डॉ. यादव 15 दिस बर को सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों से यात्रा के सफल आयोजन के संबंध मेंकरेंगे वर्च्युअल संवाद**

**मु यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में 16 दिस बर को यात्रा में होंगे शामिल**

**मु यमंत्री डॉ. यादव ने की "विकसित भारत संकल्प यात्रा" की तैयारियों की समीक्षा और दिए निर्देश**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में 16 दिस बर से आरंभ हो रही"विकसित भारत संकल्प यात्र" के संबंध में कमिश्नर-कले टर्स को मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से "विकसित भारत संकल्प यात्रा" आरंभ की जा रही है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है। 26 जनवरी 2024 को यात्रा का समापन गणतंत्र दिवस पर होगा।



**सभी जिलों में यात्रा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ का सभी जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पु ता तैयारी की जाएं, कहीं पर भी यात्रा की औपचारिकता न पूरी करें। यात्रा के सभी रूटों पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। मु यमंत्री स्वयं भी दिनांक 15 दिस बर को सभी जिलों के जनप्रतिनिधियों से यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में वर्च्युअल संवाद करेंगे। अधिकारी-कर्मचारी व्यक्तिगत रूचि लेकर यात्रा में शामिल हों और यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप सभी वंचित और पात्र व्यक्तियों तक यात्रा के लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

**बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों को यात्रा से जोड़ें ःस्वस्थ जीवनशैली के लिए सभी को प्रेरित करें**

मु यमंत्री डॉ. यादव 16 दिस बर को उज्जैन से आरंभ हो रही ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ में भाग लेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि यात्रा में स्कूली बच्चों, महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाशक्ति और किसानों को अधिक से अधिक सं या में जोड़ा जाएं। "विकसित भारत संकल्प यात्रा" से फिट इंडिया के संदेश का भी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हों और जनसामान्य को पर्याप्त पोषण तथा ऐ सरसाइज की आवश्यकता की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोबाइल वैन के जिलों में भ्रमण के लिए रूट चार्ट तैयार करें और जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद, स्थानीय विधायक सहित अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा की तैयारियों के संबंध में डिण्डौरी, जबलपुर और उज्जैन के जिला कले टरों से चर्चा की।

**यात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम और कृषि कार्यो के लिये ड्रोन प्रदर्शन भी होगा**

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" जनहितैषी योजनाओं पर केन्द्रित है। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक मोबाइल वैन पहुँचेगी, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी का उद्बोधन, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। यह वैन सभी नगरीय निकायों में भी जाएगी तथा प पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए ÷मेरी कहानी-मेरी जुबानी÷ जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ड्रोन प्रदर्शन द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

**स्वास्थ्य मेला सहित विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे**

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्जवला योजना, किसान/पशुपालक मछुआरों के लिए क्रेडिट कार्ड के आवेदन लेने और बैंकों से समन्वय के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही आधार कार्ड में जानकारी अपडेशन, राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण और बंटवारा, कृषि, स्व-सहायता समूहों, पेंशन योजनाओं, आदिवासी विकास से संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

**यात्रा में शामिल जनहितैषी योजनाएं**

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं स मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान स मान योजना, क्रिसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल- जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी।

शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवल योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टेंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, आरसीएस योजना और खेलो इंडिया से संबंधित योजनाएं व गतिविधियाँ शामिल होंगी।

**यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी**

यात्रा के लिए जिला, जनपद और पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी तथा वाहन प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ की पंचायत स्तर पर स्वागत समिति और उत्सव समिति का गठन भी होगा। जिला स्तर पर कले टर की अध्यक्षता में क्रियान्वयन समिति गठित होगी। राज्य स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा राजस्व विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग समन्वय, मॉनीटरिंग आदि के लिए नोडल विभाग होंगे। भारत सरकार और पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी।

बैठक में मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मु य सचिव श्री विनोद कुमार, डॉ. राजेश राजौरा, श्री मोह मद सुलेमान, श्री मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई, श्रीमती दीपाली रस्तोगी, आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे

# विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शिक्षकों के कार्य को प्रदर्शित करता है - डॉ. सिडाना

**परीक्षा परिणाम के आधार पर लिखा जाएगा गोपनीय प्रतिवेदन**

**कले  टर ने की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा**

मंडला यशोः- बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में कले  टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी शालाओं में पाठ्यक्रम समय पर पूरा करें। शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दें। विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शिक्षकों के कार्य को प्रदर्शित करता है। परीक्षा परिणाम के आधार पर ही संबंधितों का गोपनीय प्रतिवेदन लिखा जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शालाओं की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कले  टर ने निर्देशित किया कि परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए शालावार, छात्रवार रणनीति बनाएं। इस संबंध में सभी प्राचार्य अपने शिक्षकों की बैठक आयोजित कर योजना तैयार करें। प्रत्येक विद्यार्थियों की विषयवार कठिनाईयों का चिन्हांकन करें तथा अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से उनके निराकरण की कार्यवाही करें। प्रत्येक शाला से कम से कम एक बच्चे को मेरिट लिस्ट में शामिल कराने का प्रयास करें। पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्र हल कराकर बच्चों को बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करें। विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी विषय पर विशेष ध्यान दें। तिमाही तथा छःमाही के परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करें तथा कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करें। कले  टर ने निर्देशित किया कि कोई भी अधिकारी शिक्षकों का संलग्नीकरण न करें। यदि किसी शाला में शिक्षक संलग्न करने की आवश्यकता है तो कारण सहित प्रस्ताव भेजकर सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करें। कले  टर ने कहा कि अतिथि शिक्षकों के कार्य का भी आंकलन करें तथा बेहतर प्रदर्शन करने पर ही आगामी वर्षों में उन्हें अवसर प्रदान करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सहायक कले  टर अर्थ जैन, सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग लालशाह जगेत, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, समस्त बीईओ, बीआरसी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# कड़ी मेहनत और अनुशासन भविष्य को बेहतर बनाता है - डॉ. सिडाना

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय मंडला में मनाया गया वार्षिक खेल दिवस





मंडला यशोः- विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत कभी निष्फल नहीं होती। कड़ी मेहनत और अनुशासन भविष्य को बेहतर बनाता है। इस आशय का विचार कले  टर डॉ. सलोनी सिडाना ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय मंडला में आयोजित वार्षिक खेल दिवस के कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित करें तथा उसे हासिल करने के लिए योजनाबद्ध रूप से पढ़ाई करें। कार्यक्रम में प्राचार्य उपेंद्र कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक, अभिभावकगण तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कले  टर ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। सभी विद्यार्थी दैनिक जीवन में भी अनुशासन का पालन करें, दिनचर्या को व्यवस्थित बनाएं। उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने अभिभावकों के सपनों को पूरा करें साथ ही स्कूल का नाम रोशन करें। कले  टर ने संबोधन में अपने स्कूली जीवन के अनुभव भी साझा किए।

**पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी हिस्सा लें**

कले  टर डॉ. सलोनी सिडाना ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। सक्रिय रहें, स्वस्थ रहें। सभी विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी हिस्सा लें। खेल को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। वर्तमान समय में खेल में भी बहुत विकल्प हैं। कले  टर ने अपने संबोधन में योग से होने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दी। इससे पूर्व कले  टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**आयोजित की गई खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ**

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय के वार्षिक खेल दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत जुंबा डांस, विविधता में एकता नृत्य, एक भारत श्रेष्ठ भारत की झांकी, राजस्थानी कालबेलिया डांस, तेरह ताली एवं हरियाणवी डांस की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। खेल गतिविधियों के तहत बालक-बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़, रिले दौड़, जलेबी दौड़ और बोरा दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया। इससे पूर्व सदनवार परेड प्रदर्शन कर विद्यार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई।

# केन्द्रीय विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी विद्यालय संगठन के स्थापना की 60 वीं वर्षगांठ

बालाघाट। केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट और मलाजखंड में विद्यालय संगठन के स्थापना की 60 वी वर्षगाँठ हर्षोल्?लास के साथ मनायी गई। अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्राथमिक और माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने केन्द्रीय विद्यालय पर आधारित समूह गान प्रस्तुत किया। वहीं संभाग स्?तर पर प्रथम स्?थान प्राप्?त कर चुके छात्र मोक्ष जैतवार ने एकल अभिनय के माध्यम से शहीद चंद्रशेखर आज़ाद पर केन्द्रित लघु नाटिका प्रस्तुत किया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री मधुलिका रुथ डोलारे ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्ष 1963 में 15 दिसंबर को ही केन्द्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना हुई थी, वर्तमान में देश में लगभग 1256 केन्द्रीय विद्यालय संचालित हैं जिसमे लगभग 50 हज़ार शिक्षक कार्यरत हैं। इनके आलावा 3 केन्द्रीय विद्यालय विदेशों में भी संचालित हैं जो कि मॉस्को, काठमांडू और तेहरान में हैं। इसके पश्चात संस्था के प्राचार्य श्री पंकज कुमार जैन द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए सर्टिफिकेट और मैडल प्रदान किये गए जिसमे फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता के लिए धान्या कावडे प्रथम, तृप्ति डोरस द्वितीय, वृष्टि मरावी तथा यामिनी ठाकुर तृतीय, फिट इंडिया के अंतर्गत ही आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता के लिए देव जैन प्रथम, सानवी जैसवाल द्वितीय, खुशी पुंडे और सरन्या गोइलकर तृतीय शामिल रहे। मतदाता जागरूकता अभियान में वाल पेंटिंग प्रतियोगिता में सहभागिता के लिये प्रिया घोरमारे और गरिमा धुर्वे को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। साथ ही नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस 2023 में क्षेत्रीय स्तर पर भाग लेने वाले विद्यार्थियों के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्राओं मनस्वी गौतम और सुहानी चौधरी को भी प्रमाणपत्र वितरित किये गए। हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों क्षितिज पवार, अहद खान और अन्वेष लिल्हारे को भी प्रमाणपत्र देकर स मानित किया गया इनमे से अन्वेष लिल्हारे का प्रोजे ट राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुआ है। अंत में प्राचार्य श्री पंकज कुमार जैन द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय विद्यालय संगठन के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बच्चों और शिक्षकों को सतत अपने कर्तव्य निर्वहन के लिए शपथ दिलवाई गयी तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन का ध्?वजारोहण किया गया।केंद्रीय विद्यालय मलाजखंड में भी मनाया स्?थापना दिवसकेन्द्रीय विद्यालय मलाजखंड में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के 60वें स्थापना दिवस पर खेलकूद उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। केन्द्रीय विद्यालय गीत भारत का स्वर्णिम गौरव केन्द्रीय विद्यालय लाएगा की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। विद्यालय में खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार वितरित किया गया। मु य अतिथि श्री केवी ने अपने उद्बोधन में कहा कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन एक कल्पवृक्ष है जिसकी हम शाखाएँ है। उन्होंने अपना सर्वोत्तम योगदान देने के लिए सभी को प्रेरित किया




# अयोध्या श्री राम मंदिर के अक्षत कलश महाराजपुर स्थित ज्वालाजी मंदिर पहुंचे

## भगवान श्री राम के जयकारे आतिशबाजी और ढोल बाजे के साथ पहुंचा अक्षत कलश

**16 दिसंबर को उपनगर महाराजपुर स्थित ज्वाला जी मंदिर से निकलेगी कलश शोभायात्रा।**

मंडला यशोः- पवित्र धाम अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लाल का भव्य मंदिर निर्माण पूर्णता की ओर है। 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में की जाएगी, अयोध्या से पवित्र अक्षत कलश मंडला नगर में आए हैं। महाराजपुर उपनगर से आज ढोल बाजे आतिशबाजी और भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए मां सिंगवाहिनी मंदिर राम भक्त पहुंचे मंडला से अनेक नाव द्वारा राम भक्त कलश लेकर शोभा यात्रा के साथ महाराजपुर पहुंचे यहां कलश की चित्रगुप्त मंदिर में पूजा की गई इसके साथ पूर्णानंद शिव मंदिर, शनि मंदिर में पूजन कर ज्वाला जी मंदिर में कलश स्थापित किए गए हैं ,महिला मंडल द्वारा श्री राम के भजन कीर्तन किए गए।16 दिसंबर शनिवार को दोपहर दो बजे ज्वाला जी मंदिर से कलश यात्रा आरंभ होगी जो महाराजपुर हनुमान जी वार्ड बूढ़ीमाई वार्ड के सभी प्रमुख मंदिर में पहुंचेगी और पूजा अर्चना की जाएगी।17 दिसंबर को बूढ़ी माई संगम मंदिर से कलश की शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो महाराजपुर बजरंग चौराहा स्थित हनुमान मंदिर संतोषी माता मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर मंगलेश्वर मंदिर में पहुंचेगी।



# शासकीय हाईस्कूल बिंझिया में मनाया गया खेल उत्सव

मंडला यशोः- एकीकृत शासकीय हाईस्कूल बिंझिया में खेल दिवस मनाया गया, जिसमें प्राथमिक स्तर, माध्यमिक स्तर, हाईस्कूल स्तर में 100 एवं 200 मीटर दौड़ रिले रेस, खो-खो, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया है जिसमें सभी वर्ग से बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी गतिविधियों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश पांडे द्वारा सभी शिक्षकों एवं बच्चों को अवगत कराया की अध्यापन कार्य के साथ-साथ खेल भी बहुत महत्वपूर्ण है। खेल के माध्यम से भी छात्रों का कैरियर आगे बढ़ सकता है। इस कार्यक्रम के उपरांत जल संरक्षण पर रैली निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका गायत्री शु ला के द्वारा किया गया।



# जिला चिकित्सालय में की गई कोविड-19 मॉक ड्रिल

मंडला यशोः- वैश्विक महामारी कोविड-19 के रोकथाम को ध्यान में रखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए समस्त सुविधाओं की तैयारी महत्वपूर्ण हैं। इसी तारत य में 14 दिसंबर 2023 को जिला चिकित्सालय व समस्त ब्लॉकों में कोविड-19 के रोकथाम हेतु मॉकड्रिल की गई। इस दौरान फ्रंटलाइन कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। मानव संसाधन क्षमता जिसमें कोविड-19 प्रबंधन पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभालकर्ता गंभीर मामलों के प्रबंधन के लिए वेंटिलेटर प्रबंधन प्रोटोकॉल में प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभालकर्ता, पी.एस.ए. संयंत्रों के संचालन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता की तैयारी देखी गई। रेफरल सेवाएं एडवांस बेसिक लाइफ सपोर्ट की उपलब्धता एवं अन्य एंबुलेंस की उपलब्धता को सुचारू किया गया। परीक्षण क्षमता कोविड-19 प्रयोगशाला की सं या आरटी-पीसीआर और आरएटी किट की उपलब्धता देखी गई। ऑ सीजन कन्सट्रेटर, ऑ सीजन सिलेंडर, पीएसए प्लांट, लिक्विड मेडिकल ऑ सीजन स्टोरेज टैंक, मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम को पुनः जांचा गया। मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा कोविड-19 से बचाव हेतु आमजनों को जरूरी बातें बताई गई जैसे भीड़ वाले स्थान पर जाने से बचें एवं मॉस्क का उपयोग करें, 2 गज की दूरी रखें एवं अपने हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोवें एवं सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें, खांसते-छींकतें समय मुंह व नाक को रुमाल से ढकें। यदि कहीं बाहर विदेश से यात्रा करके आ रहे हैं और उसके उपरांत सर्दी, खांसी व बुखार की शिकायत है तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच व उपचार लें।



# महायज्ञ की सफलता को लेकर पहुंचे मंदिर

मंडला यशोः- जिला मु यालय में 17 दिसंबर से 25 दिस बर तक आयोजित श्रीअष्ट महालक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का संगीतमय आयोजन किया जाना है। इस आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण पर चल रही हैं इस आयोजन में देश और प्रदेश का संत समाज अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा भागवत रसिक कथावाचक पं. रामगोपाल शास्त्री नीलू महाराज ने बताया कि यज्ञ और महापुराण के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को नगर के सभी मंदिरों में विराजमान भगवान को आमंत्रित किया गया। नीलू महाराज अपनी टीम और ढोल धमाकों के साथ मंदिर पहुंचे जहां पर पूजन-अर्चन आदि करने के बाद भगवान को इस कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए विनती की गई कि यह भव्य आयोजन सफलता पूर्वक स पन्न हो इस दौरान महिला मंडल की महिलाएं भी उपस्थित रही। बता दें कि शुक्रवार को श्रीमत् परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय ब्र हनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य पश्चिम आ नाय द्वारिका पीठाधीश्वर अनंत श्री स पन्न स्वामी सदानंद जी महाराज का आगमन हो रहा है। जो कथास्थल पर धर्मसभा को संबोधित करेंगे। वहीं शनिवार को नाव घाट स्थित सिंगवाहिनी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किए जाने की इच्छा धर्मप्रेमियों ने व्यक्त की है।



# ग्रेनेडियर्स रेजीमेंटल सेंटर की केन्टीन को आकर्षक बना रही मंडला की गोंडी पैंटिंग

**स्व-सहायता समूहों के बिक रहे उत्पाद रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने की सराहना**

मंडला यशोः- ग्रेनेडियर्स रेजीमेंटल सेंटर जबलपुर द्वारा संचालित केन्टीन में जिले के जनजातीय कलाकारों द्वारा मनमोहक गोंडी पैंटिंग बनाई गई है जिससे केन्द्र में जनजातीय संस्कृति की झलक परिलक्षित होती है। इस केन्टीन के माध्यम से शहीद सैनिकों के परिवारों को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जहां पर मंडला जिले के स्व-सहायता समूह तथा माईनर फॉरेस्ट प्रोड्यूसर सोसायटी द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का प्रमुखता से विक्रय जाता है।कले  टर मंडला डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा स्व-सहायता समूह के उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्रेनेडियर्स रेजीमेंटल सेंटर से अनुबंध के आधार पर जिले के जनजातीय कलाकारों ने जबलपुर जाकर केन्टीन को गोंडी पैंटिंग से आकर्षक स्वरूप प्रदान किया। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी परियोजना को पसंद करते हुए इसकी सराहना की है।



दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297